वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान परिषद
मानव संसाधन विकास समूह
सी एस आई आर काम्प्लैक्स, इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेंट के सामने,
लाब्रेरी एवेन्यू, पूसा, नई दिल्ली – 110 012
CSIR Complex, Opp. Institute of Hotel Management
Library Avenue, New Delhi 110 012

टेंडर सं. सीएसआईआर (सीएस)डिस्प:/9/2012-13 दिनांक: 6.2.2013

**विषय: भंडार के अनुपयोज्य सामानों एवं स्क्रैप को बेचने हेतु निविदा आमंन्त्रण**

प्रिय महोदय,

**निविदाएं प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख एवं समय : दिनांक 19.2.2013 को अपराह्न 2.30 बजे तक**
**निविदाएं खोलने की अंतिम तारीख एवं समय : दिनांक 19.2.2013 को अपराह्न 3.00 बजे**

**निबन्धन एवं शर्तें :**

1. निविदा गोंद आदि से मजबूती से सील करके लिफाफे में प्रस्तुत की जाए।
2. बिक्री के लिए यह सामान होटल प्रबन्धन संस्थान पूसा के सामने सी एस आई आर कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली में धांग लगा कर रखा है। सामान की बिक्री "जैसा है जहां है आधार पर" स्थिति में की जा रही है।
3. खरीददार बेचे जाने वाले इस सामान की स्थिति के बारे में अपनी संतुष्टि के लिए दिनांक 18.2.2013 तक किसी भी कार्य दिवस को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक सी एस आई आर कॉम्पलैक्स में सामग्री का निरीक्षण कर सकता है। इस संबंध में बोलीदाता सी एस आई आर कॉम्पलैक्स में श्री हरी ओम, अनुभाग अधिकारी (भण्डार एवं क्रय), से संपर्क कर सकते हैं। निविदाएं जमा करने और सफल बोलीदाता द्वारा सामान उठाने के बाद इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. निविदाकार एतद्धवारा भेजे जा रहे संलग्नक में अपनी दरें अंकों और शब्दों (दोनों) में स्पष्ट रूप से उद्धृत करें। यदि अंकों एवं शब्दों में दी गई राशि में कोई गलती होती है तो उन दोनों में से जो भी राशि अधिक होगी उसी पर विचार किया जाएगा। यदि बिना अनुप्रमाणन के दरों में कोई अधिलेखन (over-writing) अथवा फेरबदल किया जाता है तो निविदा तत्काल अस्वीकार की जा सकती है।
5. निविदाएं, इन्हें खोले जाने की तारीख से 30 (तीस) दिन की अवधि के लिए मान्य होनी चाहिए। प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, सीएसआईआर कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली के पक्ष में आहरित बैंकर्स चैक/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ₹ 40000/- रुपये की बयाना राशि ऑफर के साथ होनी चाहिए। जिन निविदाओं के साथ बयाना राशि (ईएमडी) नहीं होगी उन्हें तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा। बयाना राशि पर कोई ब्याज प्रोद्भूत नहीं होगा।
6. सफल बोलीदाता को प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, नई दिल्ली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक के रूप में उद्धृत पूर्ण उच्चतम राशि, अवार्ड लैटर की तारीख से पांच दिनों के भीतर जमा करानी होगी। सफल बोलीदाता की बयाना राशि (ईएमडी) इस कार्यालय में रखी जाएगी और इसे सामान उठाने के बाद वापस किया जाएगा। सफल बोलीदाता को यह सामान अवार्ड लैटर की तारीख से दस दिनों के भीतर उठाना होगा। यदि ऑफर लैटर के जारी करने की तारीख से 10 दिनों के भीतर बिका हुआ सामान नहीं उठाया जाता है तो दस दिनों के बाद अधिकतम सात दिनों की विलंब अवधि हेतु खरीददार से ₹ 4000/- रुपये प्रतिदिन की दर से ग्राउंड रेंट वसूला जाएगा। यदि इस अवधि के दौरान भी सामान नहीं उठाया जाता है तो सामान को परित्यक्त लॉट समझा जाएगा और यदि बोलीदाता द्वारा लॉट के लिए ईएमडी तथा अन्य राशि का भुगतान किया गया है तो खरीददार को बिना कोई कारण बताए इस राशि को जब्त कर लिया जाएगा। ऐसी परित्यक्त सामग्री के संबंध में प्रमुख मानव संसाधन विकास समूह

को यह अधिकार प्राप्त है कि वह इसे बोलीदाता के जोखिम एवं लागत पर पुन: बेच सकता है। सफल बोलीदाता को लॉट की ऑफर मिल जाने तथा पूरी राशि जमा कर देने के बाद सभी असफल पार्टियों की ईएमडी वापस लौटा दी जाएगी।

7 बिके हुए सामान को प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, सीएसआईआर कॉम्पलैक्स को पूर्व सूचना देते हुए किसी भी कार्य दिवस पर निर्धारित अवधि के भीतर पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे के बीच उठाया जा सकता है। परिसर में बिके हुए सामानों को खोलने अथवा तोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8 खरीददार द्वारा मजदूर, परिवहन और अन्य व्यवस्थाएं अपने जोखिम, लागत एवं जिम्मेदारी पर करनी होगी।

9 बिके हुए सामान की डिलीवरी खरीदार की ओर से किसी व्यक्ति को तभी दी जाएगी जब उसके पास उसके पक्ष में खरीदार के लैटर हेड पर कोटेशन पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित वैध प्राधिकरण प्रमाण हो।

10 प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, पूरे अथवा किसी भी सामान को न बेचने का अधिकार आरक्षित है।

11 निविदा में दिए गए पते को खरीददार का पता समझा जाएगा तथा यह समझा जाएगा कि इस पते पर भेजे गए पत्र खरीददार को प्राप्त हो गए हैं। यदि पत्र अवितरित प्राप्त होता है और इस कारणवश इस सामग्री को उठाने में विलम्ब होता है तो ऐसी जमा की गई ईएमडी एवं राशियां जब्त कर ली जाएंगी। इस उद्देश्य हेतु जमा की गई बयाना राशि एवं राशियों के संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

12 यदि बिके हुए सामान को उठाते समय परिषद की सम्पत्ति को कोई क्षति होती है तो इसे खरीददार की धरोहर राशि में से क्षतिपुर्ति कर ली जाएगी।

13 एतद्द्वारा दिए गए अनुदेशों के अनुसार विधिवत पूर्ण निविदाओं को सीएसआईआर कॉम्पलैक्स, लायब्रेरी एवेन्यू नई दिल्ली-110012 में दिनांक 19.2.2013 को अपराह्न 2.30 बजे तक प्राप्त की जाएंगी। देर से प्राप्त निविदाओं पर कतई विचार नहीं किया जाएगा।

14 मुहरबंद कोटेशनें भूतल पर स्वागत कक्ष में उपलब्ध टेंडर बॉक्स में डालें। डाक से ये कोटेशनें प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, सीएसआईआर कॉम्पलैक्स, लायब्रेरी एवेन्यू नई दिल्ली-110001 के पते पर भेजी जाएं तथा लिफाफे के बाहर इंक्वारी संख्या एवं तारीख, खोलने की तारीख का उल्लेख करते हुए उस "भण्डार का निपटान" लिखा हुआ हो।

15 प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह, सीएसआईआर कॉम्पलैक्स, के पास यह अधिकार आरक्षित है कि वह किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए स्वीकार अथवा अस्वीकार कर सकते हैं।

(बालक राम शर्मा)
भण्डार एवं क्रय अधिकारी

संलग्न: बिकाऊ सामानों की सूचि

संलग्नक/ ANNEXURE

| Sr. | Name of item | Qty. |
|---|---|---|
| 1 | Visitors Chair | 28 |
| 2 | Steel Chair with arms | 40 |
| 3 | Storewell Almirah | 9 |
| 4 | Assitant Table Steel | 14 |
| 5 | Revolving Chair | 45 |
| 6 | Filing Cabinet Steel 4 Drawer | 4 |
| 7 | Wall Rack Steel 8 ft. | 8 |
| 8 | Drawing Cabinet Steel | 4 |
| 9 | Side Rack Steel | 4 |
| 10 | Table Assitant Steel | 14 |
| 11 | Visitors Chair | 28 |
| 12 | Steel Chair with Arms | 40 |
| 13 | Revolving Chair | 45 |
| 14 | Pedastal Fan | 8 |
| 15 | Deep Freezer | 1 |
| 16 | Water Cooler Assorted | 8 |
| 17 | Stablizer Assorted make | 5 |
| 18 | UPS 1 & 5 KVA (1 each) | 2 |
| 19 | Dispenser Hot & Cold | 8 |
| 20 | Elect. Motor 10 HP (Centrifugal Pump) | 3 |
| 21 | Fire Extinguisher Empty Capacity | 26 |
| 22 | Switch Box 3'x2' (Iron) | 1 |
| 23 | GI Sheet Box | 1 |
| 24 | Cable Box (Iron) | 4 |
| 25 | Fire Box (Steel) | 2 |
| 26 | GI Pipe 2" - 20 ' | 1 |
| 27 | GI Pipe 3" - 20 ' | 2 |
| 28 | GI Ducting Pieces of assorted size | 15 |
| 29 | GI Display Board 6'x3' with stand | 1 |
| 30 | Iron Base for mounting Water Tank 4'x8' | 1 |
| 31 | GI Panel for mounting Switch boards | 1 |
| 32 | Old Tyres (Staff Car) | 24 |
| 33 | Distribution Board | 6 |
| 34 | Fire Board MS Box 15"x9"x6" approx. | 10 |
| 35 | Gate Valve 6" Size | 3 |
| 36 | Section Window Steel assorted size | 15 |
| 37 | Misc. Iron, PVC Scrap | 1 Lot |
| 38 | Misc. Iron, PVC Scrap | 1 Lot |

सभी सामानों के लिए ऑफर

₹ ____________________________

( ₹ ________________________________________

__________________________________________________)

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

फर्म का नाम ____________ _________________________

पता __________________________________________

____________ _________________________

____________ _________________________

मोबाइल/लैण्ड लाइन नं. ___________________